# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - हापुड़ नगर** **दिनांक 10.08.2026**

**कांवड़ यात्रा के दौरान परिजनों से बिछड़ी 02 नाबालिग किशोरियों को थाना हापुड़ नगर पुलिस ने अल्प समय में अथक प्रयास कर परिजनों की तलाश कर सकुशल किया सुपुर्द।**

**संक्षिप्त विवरणः-**



आज दिनांक 10.08.2026 को समय करीब 22:15 बजे कावड़ यात्रा के दौरान जनता के व्यक्तियों द्वारा 02 नाबालिग किशोरियों उम्र करीब 6 वर्ष तथा उम्र करीब 8 वर्ष जो भीड़-भाड़ में अपने परिजनों से बिछड़ जाने पर थाना हापुड़ नगर को सुपुर्द किया गया।

**कार्यवाहीः-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में हापुड पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने अल्प समय में नाबालिग किशोरियों के परिजनों का पता लगाकर, दोनों नाबालिग किशोरियों को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

परिजनों द्वारा हापुड पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री मनीष चौहान थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री आशीष रस्तोगी थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।